जागरण

# स्टेशन से पकड़ी गई नकली कोल्डड्रिंक व पानी की बोतलें

Publish Date:Sun, 26 May 2019 06:30 AM (IST)



जेएनएन, शाहजहांपुर : रेलवे स्टेशन पर शनिवार को काफी तादाद में नकली कोल्डड्रिंक व पानी की बोतलें पकड़ी गईं। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक अवैध वेंडर भी पकड़े गए है।

डीओएम (डिवीजनल ऑपरेटिंग मैनेजर) प्रभाष कुमार ने स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार के साथ शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध वेंडरों को लेकर छापेमारी की। टीम सबसे पहले प्लेटफार्म तीन पर पहुंची जहां कुछ अवैध वेंडर नकली कोल्डड्रिंक व पानी की बोतले लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उनका सामान जब्त करते हुए जुर्माना वसूल किया। साथ ही दोबारा स्टेशन पर मिलने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी। इसके बाद टीम को दो भागों में बांटा गया। एक टीम प्लेटफार्म चार व पांच पर पहुंची जबकि दूसरी टीम मालगोदाम साइड में पहुंची जहां काफी तादाद में नकली कोल्डड्रिंक व पानी की बोतलें बरामद की। काफी समय से चल रहा था खेल

मालगोदाम साइड में काफी समय से अवैध वेंडर कब्जा जमाए हुए थे। जहां नकली कोल्डड्रिंक बनाकर ट्रेन आने पर अवैध वेंडरों के सहारे कम दामों में सप्लाई कराई जाती थी। लेकिन आरपीएफ व जीआरपी ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। बिना नंबर का पकड़ा गया वाहन

छापेमारी के दौरान रेलवे के अधिकारियों ने अवैध वेंडरों के पास से एक बिना नंबर का थ्री व्हीलर भी पकड़ा। इससे नकली कोल्डड्रिंक बनाने आदि का सामान स्टेशन तक लाया और ले जाया जाता था। ट्रेनों में भी की गई चेकिंग

डीओएम ने इसके अलावा गुवाहाटी एक्सप्रेस, सियालदाह एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों में भी चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे आधा दर्जन से अधिक वेंडर भी पकड़े गए। साथ ही पानी की बोतले व नकली कोल्डड्रिंक भी बरामद की गई। जिन्हें जब्त कर लिया गया।

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर टीम के साथ छापेमारी की गई। जिसमे लगभग सौ पानी की बोतले व तीन सौ नकली कोल्डड्रिंक पकड़ी गई थी। 15 वेंडर पकड़े गए थे जिनसे जुर्माना वसूल किया गया।

प्रभाष कुमार, डीओएम(डिवीजनल आपरेटिंग मैनेजर)

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/shahjahanpur-raid-against-venders-in-railway-station-19255217.html